गोपनीय/ तत्काल

संख्या- 17/968/84-1-13-74/07

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 18 सितम्बर, 2013

विषय- श्री सैययद शाहिद जफर अली, वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, मुरादाबाद (सेवानिवृत्त) द्वारा रू0 50,000/- में दो बीघा जमीन गैस गोदाम हेतु क्रय करने एवं अनेक गाडियॉ मोटर साइकिल, बन्दूक तथा अन्य परिसम्पत्तियॉ अर्जित करने के संबंध में सतर्कता जॉच कराये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री सैययद शाहिद जफर अली, वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, मुरादाबाद (सेवानिवृत्त) के विरूद्व आय से अधिक परिसम्पत्तियॉ अर्जित करने विषयक आरोपों पर खुली जॉच कराये जाने के संबंध में सतर्कता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सतर्कता अधिष्ठान को आदेश दिये जा चुके हैं। अतः अनुरोध है कि कृपया प्रश्नगत खुली जॉच की सूचना आरोपित कर्मचारी के अभिलेखों में दर्ज कराते हुए संबंधित अभिलेख/सेवा विवरण सतर्कता अधिष्ठान को तत्काल सीधे उपलब्ध कराते हुए शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या तथा दिनॉक यथोक्त।

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक/पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान (मुख्यालय) प्रगति केन्द्र, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया श्री सैययद शाहिद जफर अली, वरिष्ठ निरीक्षक, मुरादाबाद (सेवानिवृत्त) से संबंधित सेवा विवरण/वांछित अभिलेख नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0, लखनऊ से प्राप्त करने का कष्ट करें।

2- प्रतिलिपि सतर्कता अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

3- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in